## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 14.09.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के समापन पर प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली घोषणापत्र के सभी निष्कर्षों को समयबद्ध कार्य में बदलने की आवश्यकता पर बल दिया।
2. डॉ. दिनेश शर्मा कल अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के 14वें उपराज्यपाल के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ लेंगे।
3. हिन्दी भाषा और साहित्य के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए आज हिंदी दिवस मनाया जा रहा है।
4. आज पूरे देश के साथ द्वीपसमूह में भी गणेश चतुर्थी का त्योहार श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

<><><><><><><>

नई दिल्ली में अट्ठारहवां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन कल संपन्न हो गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस बात पर बल दिया कि ब्रिक्स की विविधता ही इसकी पहचान बनी रहे, सहयोग प्रेरणा हो और प्रगति मानवता के हित में योगदान दे। दो दिन के शिखर सम्मेलन के आखिरी दिन समापन भाषण में प्रधानमंत्री ने कहा कि ब्रिक्स सिर्फ़ देशों का समूह नहीं, बल्कि समाधानों का पारिस्थितिकी तंत्र है।
श्री मोदी ने आशा प्रकट की कि शिखर सम्मेलन में अपनाया गया 'नई दिल्ली घोषणापत्र' साझा विज़न और भविष्य के सहयोग के लिए स्पष्ट दिशा देगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि ब्रिक्स अब अपने तीसरे दशक में प्रवेश कर रहा है, इसलिए दुनिया अब इस समूह से सिर्फ़ विचारों और वादों की नहीं, बल्कि ठोस परिणामों की उम्मीद करती है। प्रधानमंत्री ने ब्रिक्स के अगले अध्यक्ष के तौर पर चीन को शुभकामनाएं दीं। इससे पहले, आरंभिक भाषण में प्रधानमंत्री ने कहा कि ब्रिक्स के भीतर विकसित समाधानों के लाभ केवल समूह तक ही सीमित नहीं होने चाहिए।

<><><><><><><>

डॉ. दिनेश शर्मा कल अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के 14वें उपराज्यपाल के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ लेंगे। मनोनित उपराज्यपाल का शपथ ग्रहण समारोह कल दिन में साढ़े ग्यारह बजे लोक निवास में आयोजित किया जाएगा। कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति रवींद्र विठ्ठलराव घुगे उपराज्यपाल को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। प्रशासन के मुख्य सचिव ज्ञानेश भारती नियुक्ति पत्र पढ़कर सुनाएंगे। उपराज्यपाल कल अपनी पत्नी डॉ. जय लक्ष्मी शर्मा के साथ श्री विजयपुरम पहुंचे। वीर सावरकर हवाई अड्डे पर सांसद बिष्णु पद रे, मुख्य सचिव तथा प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

सांसद ने मनोनीत उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा का स्वागत करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके अनुभवी नेतृत्व में द्वीपवासियों की आकांक्षाओं और अपेक्षाओं को नई ऊर्जा, दिशा और उद्देश्य मिलेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप, द्वीप समूह में विकास, जन कल्याण और इसकी अपार संभावनाओं को साकार करने की दिशा में एक नई गति देखने को मिलेगी।

<><><><><><><>

आज देशभर में ह्दिी दिवस मनाया जा रहा है। उन्नीस सौ उनचास में इसी दिन संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में लिखी हिन्दी को देश की आधिकारिक भाषा के तौर पर अपनाया था। आज हिन्दी दुनिया में सबसे ज़्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है और बावन करोड़ से ज़्यादा लोगों की पहली भाषा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज नवी मुंबई में हिन्दी दिवस कार्यक्रम और छठे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में शामिल होंगे।

<><><><><><><>

उधर, अंडमान निकोबार प्रशासन की ओर से सभी सरकारी कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में आज से अट्ठाईस सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा मनाया जाएगा। प्रशासन और केंद्र सरकार के कार्यालयों के अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों के बीच राजभाषा हिंदी का व्यापक प्रचार–प्रसार करने के उद्देश्य से कई विशेष कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है। पूरे पखवाड़े के दौरान समाचार पत्रों में

राष्ट्रीय नेताओं के राजभाषा संबंधी विचार प्रकाशित किए जाएंगे। इस सिलसिले में कल श्री विजयपुरम मुख्यालय क्षेत्र के तमिल, बांग्ला और तेलुगू माध्यम के अहिन्दी भाषी विद्यालयों में कक्षा 6ठीं से दसवीं तक विद्यार्थियों के लिए हिन्दी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। सोलह सितम्बर को हिन्दी टंकण प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशासन और नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के कर्मचारियों के लिए हिन्दी टंकण प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। हिंदी पखवाड़ा का समापन समारोह 30 सितंबर को आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

<><><><><><><>

आज पूरे देश में गणेश चतुर्थी का त्योहार बहुत श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह दिन भगवान गणेश के जन्म का प्रतीक है, जो बुद्धि, समृद्धि और सौभाग्य के देवता हैं। इसे विनायक चतुर्थी या गणेश उत्सव के नाम से भी जाना जाता है। दस दिनों तक चलने वाले उत्सव की शुरुआत का आज पहला दिन है, इस दौरान लोग अपने घरों में भगवान गणेश की मिट्टी की मूर्तियां स्थापित करते हैं और उनकी पूजा करते हैं। द्वीपसमूह में भी आज से गणेश पूजा का आयोजन किया जा रहा है। विभिन्न स्थानों पर पूजा पंडाल लगाए गए है, जिसे आकर्षक ढंग से सजाया गया है।

द्वीपों के सांसद बिष्णु पद रे ने द्वीपवासियों को गणेश चतुर्थी के अवसर पर अपनी शुभकामनाएं दी है। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि भगवान गणेश, की कृपा से हर घर में सुख, समृद्धि, शांति और उत्तम स्वास्थ्य का वास हो। उन्होंने इस पवित्र त्योहार में रिश्तों में मिठास, प्रेम और समाज में सद्भाव व एकता को और मजबूत करने की कामना की है। अंडमान टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ने भी गणेश चतुर्थी के अवसर पर लोगों को अपनी शुभकामनाएं दी है।

<><><><><><><>